**Dr. B. R. Ambedkar University of Social Sciences**
(State University, Government of M.P.)
**डॉ. बी. आर. अम्बेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय**
(राज्य विश्वविद्यालय, मध्यप्रदेश शासन)

क्रमांक – ब्राउस/कुस/पोमैछा परि./2023/ दिनांक 25.07.2023

# विज्ञापन

1.0 विश्वविद्यालय को आवंटित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति शोध परियोजना के अन्तर्गत निम्नलिखित प्रोजेक्ट स्टॉफ की आवश्यकता है –

| क्रमांक | प्रोजेक्ट स्टॉफ | संख्या | कार्य अवधि | सकल देय राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | रिसर्च सुपरवाइजर | 04 | 8 माह के लिए | रुपये 15,000/– प्रति माह |
| 2 | फील्ड इन्वेस्टिगेटर | 15 | 5 माह के लिए | रुपये 12,000/– प्रति माह |
| 2 | कम्प्यूटर आपरेटर | 02 | 8 माह के लिए | रुपये 12,000/– प्रति माह |

1.0 **न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता, अनुभव एवं शर्तें–**

i. रिसर्च सुपरवाइजर– किसी भी सामाजिक विज्ञान या संबंधित विषय में स्नातकोत्तर उपाधि एवं सामाजिक/सामुदायिक क्षेत्रों में फील्ड/शोध कार्य का न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव।

ii. फील्ड इन्वेस्टिगेटर– किसी भी सामाजिक विज्ञान या संबंधित विषय में स्नातक उपाधि एवं सामाजिक/सामुदायिक क्षेत्रों में फील्ड/शोध कार्य का न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव।

iii. कम्प्यूटर आपरेटर– स्नातक उपाधि/कम्प्यूटर डिप्लोमा के साथ फील्ड वर्क/शोध परियोजनाओ/कम्प्यूटर कार्य का न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव।

2.0 04 रिसर्च सुपरवाइजर में से दो अनारक्षित, एक अनुसूचित जाति और एक अनुसूचित जनजाति हेतु, संभागवार/जिलेवार 15 फील्ड सुपरवाइजर में से 7 अनारक्षित, 3 अनुसूचित जाति, 3 अनुसूचित जनजाति, 2 अन्य पिछडा वर्ग हेतु और कम्प्यूटर आपरेटर हेतु 1 अनारक्षित, 1 अनुसूचित जाति हेतु हैं।

3.0 प्रोजेक्ट स्टॉफ को मध्यप्रदेश के किसी भी जिले/जिलों में प्रोजेक्ट कार्य आंवटन किया जा सकता है। निर्धारित फील्ड कार्य हेतु परियोजना में प्रावधान अनुसार और नियत साधारण दर से केवल वास्तविक यात्रा व्यय का भुगतान देयकों की प्रस्तुति पर किया जावेगा।

4.0 यह शोध परियोजना पूर्णतः अस्थाई एवं फील्ड कार्य हेतु है, अतः आवश्यकता अनुसार प्रोजेक्ट स्टॉफ को फील्ड कार्य हेतु मध्यप्रदेश के किसी भी जिले/जिलों में भेजा जा सकता है। अतः आवेदन के साथ प्रोजेक्ट कार्य हेतु जिलों/शहरी/ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर/रहकर स्वयं की व्यवस्था, सुरक्षा एवं जिम्मेदारी पर फील्ड कार्य करने की सहमति की घोषणा करना आवश्यक है।

5.0 प्रथमतः प्रोजेक्ट कार्य एक माह के लिए दिया जायेगा और कार्य कुशलता एवं प्रगति संतुष्टि के आधार पर ही सेवाएं नियत अवधि के लिए वृद्धि की जायेगी। किसी भी प्रकार से असंतोषजनक, अमर्यादित, कार्य अवहेलना या शिकायत होने पर बिना किसी पूर्व सूचना के सेवा समाप्त कर दी जावेगी।

6.0 प्रोजेक्ट कार्य एवं प्रोजेक्ट की निरन्तरता, अवधि तथा बजट एवं राशी उपलब्धता, एवं विश्वविद्यालय प्रशासन के निर्णय अनुसार ही रहेगी, तदनुसार ही प्रोजेक्ट स्टॉफ की सेवाएँ भी रहेगी।

7.0 उपरोक्त प्रोजेक्ट स्टॉफ की सेवाएँ केवल प्रोजेक्ट संबंधित और फील्ड कार्य कार्य हेतु है। प्रोजकट के अतिरिक्त, इनका विश्वविद्यालय पर वित्तीय सहित अन्य किसी भी प्रकार का भार/दायित्व नहीं रहेगा।

8.0 प्रोजेक्ट कार्य हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 11.08.2023 है। इच्छुक व्यक्ति कुलसचिव, डॉ. बी. आर अम्बेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय, डॉ. अम्बेडकर नगर–453441 को आवेदन भेज सकते हैं।

कुलसचिव

Dr. Ambedkar Nagar (Mhow)-453441 Dist-Indore (MP)
Phone No. : (07324) 273186(O), Fax : 273645

25/7/2023

**Dr. B. R. Ambedkar University of Social Sciences**
(State University, Government of M.P.)
डॉ. बी. आर. अम्बेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय
(राज्य विश्वविद्यालय, मध्यप्रदेश शासन)

# मध्यप्रदेश शासन की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति शोध परियोजना

## आवेदन पत्र का प्रारूप

आवेदित पद का नाम : ______________________________

| | | |
|---|---|---|
| 1 | आवेदक का नाम | : |
| 2 | आवेदक के माता एवं पिता का नाम | : |
| 3 | जन्म तिथि | : |
| 4 | श्रेणी (अनारक्षित, अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति) | : |
| 5 | वर्तमान पता | : |
| 6 | आधार कार्ड क्रमांक | : |
| 7 | मोबाईल नम्बर | : |
| 8 | ई–मेल आई.डी. | : |
| 9 | शैक्षणिक योग्यता | : |
| 10 | तकनीकी योग्यता | |
| 11 | कार्यानुभव / शोध कार्य अनुभव | : |
| 12 | आवेदक के संदर्भ हेतु किन्हीं दो प्रतिष्ठित / सेवा में कार्यरत पदाधिकारी के नाम, पदनाम, मोबाईल नम्बर एवं ईमेल जो आवेदक को जानते हो। | : |

## घोषणा – पत्र

मैं ______________________________ सत्य घोषणा करता / करती हूँ कि उपरोक्त दी गयी समस्त जानकारी एवं संलग्न प्रमाण पत्रों की प्रतिलिपि मेरे द्वारा सही एवं स्व–प्रमाणित है। मेरे द्वारा परियोजना संबंधी सभी शर्तें ध्यान से पढ एवं समझ ली है और मुझे मान्य हैं। मेरे द्वारा परियोजना में कार्य करने के दौरान अन्य किसी संस्था / कार्यालय से कोई फेलोशिप / मानदेय / वेतन नहीं लिया जाकर, मैं पूर्णतः प्रोजेक्ट एवं फील्ड कार्य हेतु उपलब्ध रहूँगा / रहूँगी। प्रोजेक्ट कार्य हेतु जिलों / शहरी / ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर / रहकर स्वयं की व्यवस्था, सुरक्षा एवं जिम्मेदारी पर फील्ड कार्य करने की सहमति प्रदान करता / करती हूँ ।

स्थान :

दिनांक :

आवेदक के हस्ताक्षर

(नोट – आवेदन के साथ आवश्यक प्रमाण पत्र की प्रतिलिपि अवश्य संलग्न करें।)

Dr. Ambedkar Nagar (Mhow)-453441 Dist-Indore (MP)
Phone No. : (07324) 273186(O), Fax : 273645